समाचार जगत

REGIONAL PUBLIC RELATIONS

Edition - Rajasthan

Day - Tuesday Date - January 26, 2021

# हिंदवेयर ने अपना नया ब्रांड अभियान थॉटफुल इज ब्यूटीफुल शुरू किया

**नई दिल्ली।** हिंदवेयर, अग्रणी बाथवेयर ब्रांड ने अपने नए ब्रांड अभियान थॉटफुल इज ब्यूटीफुल के साथ नए साल की शुरुआत की है। हिंदवेयर का ये नया अभियान इस श्रेणी में अपनी तरह का पहला है और इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को हिंदवेयर के नए उत्पादों से रूबरू करवाना है। हिंदवेयर के ये इनोवेटिव परफॉर्मेंस आधारित उत्पाद ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के साथ ही बेहद खूबसूरत भी है। थॉटफुल इज ब्यूटीफुल अभियान के बारे में बात करते हुए, सुधांशु पोखरियाल, सीओओ, बाथ प्रोडक्ट्स, ब्रिलोका लिमिटेड ने कहा कि आज हिंदवेयर ने प्रासंगिक और विश्वसनीय ब्रांड के रूप में खुद के लिए एक जगह बनाई है, क्योंकि यह समय के साथ बदले एस्थेटिक्स के अनुसार अपनी डायनेमिक क्षमता विकसित करने में सफल रहा है। हिंदवेयर अपने उपभोक्ताओं को समझता है, और बदले में, इसके प्रशंसक भारत में बेस्ट बाथवेयर उत्पादों के लिए हिंदवेयर पर भरोसा करते हैं। उपभोक्ता डेटा की बढ़ती मात्रा, मौलिक रूप ब्रांड का संचालन बदल रही है। कोविड-19 महामारी के प्रभावों के साथ ये तथ्य साबित भी हुआ है कि ग्राहकों की इन उत्पादों की खरीद की प्रक्रिया बदली है।



उपभोक्ता व्यवहार में लंबी अवधि के दौरान आ रहे परिवर्तनों के लिए नया माहौल बन रहा है, जिसके अनुसार नए उत्पाद प्रदान करने के लिए तैयार रहना होगा। यह नया अभियान हमारी स्थिति को सही से व्यक्त करता है और ये हमारे व्यापार निर्णयों का मार्गदर्शन करता है। चारू मल्होत्रा, वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड-मार्केटिंग, बाथ प्रोडक्ट्स, ब्रिलोका लिमिटेड ने कहा कि हिंदवेयर, देश के घर घर में पहचाना जाने वाला नाम है, और इंडस्ट्री-फर्स्ट डिजाइन और इनोवेशंस में सबसे आगे रहा है। नए अभियान का उद्देश्य न केवल उस स्थिति को मजबूत करना है, बल्कि कैटेगरी को लेकर होने वाले संवाद को भी फिर से परिभाषित करना है, जो केवल एस्थेटिक्स और खूबसूरती के बारे में है। क्योंकि ब्रांड का मानना है, नए युग के उपभोक्ता केवल सुंदर बाथरूम समाधानों की तलाश में है, बल्कि वे विशेषताएं भी है जो उनके जीवन को आसान बनाती है। यही कारण है कि थॉटफुल इज ब्यूटीफुल अभियान ब्रांड आइडिया का नेतृत्व कर रहा है।

खूबसूरत बाथरूम पर ध्यान केंद्रित करने वाले विज्ञापनों की एक पूरी श्रृंखला में, थॉटफुल इज ब्यूटीफुल फिल्म सबसे अलग है। मैजिक सर्किल कम्युनिकेशंस द्वारा संकल्पित, ये फिल्म कैटेगरी कन्वेंशन को नए सिरे से तय करती है और हिंदवेयर के उत्पादों के अलग अलग फीचर्स और उनकी खूबसूरती को नए अंदाज में सामने लाती है। हिंदवेयर ने अपने उत्पादों को टेक्नोलॉजी के साथ इनोवेटिव बनाया है, जैसे कि स्मार्ट फ्लशिंग पूरी तरह से साइलेंट है, शॉवर से पानी तय टैम्परेचर के अनुसार आता है।